**जैड.16025/02/2018-आईएमएम**
**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**प्रतिरक्षण प्रभाग**

**दिनांक: 04 जून, 2021**
**निर्माण भवन, नई दिल्ली**

**प्रतिरक्षण उपरांत प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) संबंधी राष्ट्रीय समिति द्वारा 05 फरवरी, 09 मार्च और 31 मार्च, 2021 को अनुमोदित किए गए कोविड-19 टीकाकरण के 31 गंभीर एईएफआई मामलों के केजुअल्टी आकलन के नतीजे।**

प्रतिरक्षण प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोविड-19 टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय एईएफआई निगरानी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इस कार्य के महत्व और गंभीर स्वरूप को देखते हुए, राष्ट्रीय स्तर पर केजुअल्टी आकलन उप-समिति के सदस्यों के रूप में चिकित्सा विशेषज्ञों, कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट, पल्मोनरी मेडिसिन विशेषज्ञों, प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञों को शामिल करने के उपाए किए गए थे। कोविड-19 टीकाकरण के बाद एईएफआई का केजुअल्टी आकलन करने के लिए एक विशेष समूह बनाया गया है। इस विशेष समूह द्वारा किए गए केजुअल्टी आकलन के नतीजों पर अंतिम अनुमोदन के लिए राष्ट्रीय एईएफआई समिति की बैठक में चर्चा की जाती है।

राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा पूर्ण समीक्षा और विचार-विमर्शों के बाद 05 फरवरी (पांच मामले), 09 मार्च (आठ मामले) और 31 मार्च, 2021 (18 मामले) को अनुमोदित किए गए 31 मामलों के केजुअल्टी आकलन के नतीजे अनुलग्नकों में दिए गए हैं। अप्रैल, 2021 के प्रथम सप्ताह के आंकड़ों के अनुसार, लगाई गई वैक्सीन की प्रति मिलियन ख़ुराकों पर 2.7 मृत्यु तथा लगाई गई प्रति मिलियन ख़ुराकों पर 4.8 अस्पताल भर्ती की रिपोर्टिंग दर रही। गंभीर प्रतिकूल प्रभावों के रूप में मौतों और अस्पताल भर्तियों की रिपोर्टिंग मात्र से स्वत: यह नहीं कहा जा सकता कि ये घटनाएं वैक्सीनों के कारण हुईं। यदि घटना और वैक्सीन के बीच कोई आकस्मिक संबंध है, तो इसे समझने के लिए उचित ढंग से की गई जांच-पड़ताल और केजुअल्टी आकलन ही सहायक हो सकते हैं। केजुअल्टी आकलनों में मृत्यु के मामलों को ही वरीयता दी गई है।

साधारण रूप से निर्धारित किए 31 मामलों में से, 18 मामले ऐसे हैं, जिनका **टीकाकरण से संगत संबंध नहीं था (संयोगात्मक – टीकाकरण से संबंध नहीं),** 7 मामलों को **अनिश्चित** रूप में वर्गीकृत किया गया, 3 मामले **वैक्सीन उत्पाद से जुड़े** पाए गए, 1 मामला **चिंता से जुड़ी प्रतिक्रिया** का पाया गया और 2 मामले **अवर्गीकरणीय** पाए गए।

वैक्सीन उत्पाद से जुड़ी प्रतिक्रियाएं संभवत: ऐसी अपेक्षित प्रतिकियाएं हैं, जो वर्तमान वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित टीकाकरण के कारण हो सकती हैं। ऐसी प्रतिक्रियाओं के उदाहरण हैं, एलर्जी संबंधी प्रतिक्रियाएं और एनाफाइलैक्सिस, आदि।

अनिश्चित प्रतिक्रियाएं वे प्रतिकियाएं हैं, जो टीकाकरण के बाद घटित हुई हैं, परंतु वर्तमान साहित्य या क्लिनिकल परीक्षणों के आंकड़ों में ऐसा कोई निश्चित साक्ष्य नहीं है कि यह घटना वैक्सीन के कारण हो सकती है। इसके लिए और अधिक पर्यवेक्षण, विश्लेषण और अध्ययनों की आवश्यकता है।

अवर्गीकरणीय घटनाएं वे घटनाएं हैं, जिनकी जांच की गई, परंतु निर्णायक जानकारी नहीं मिलने के कारण डायग्नोसिस करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं है। जब यह तत्संगत जानकारी उपलब्ध होगी, तभी मामलों पर केजुअल्टी आकलन के लिए विचार किया जा सकता है।

संयोगात्मक घटनाएं वे घटनाएं हैं, जिनकी रिपोर्टें प्रतिरक्षण के बाद तो मिलीं, परंतु जिनकी जांच करने पर टीकाकरण से अलग कोई स्पष्ट कारण पाया गया।

कुल मिलाकर, टीकाकरण के लाभ छोटे नुकसान के जोखिम की तुलना में कहीं अधिक हैं। तथापि, अत्यंत सावधानी के उपाय के रूप में, नुकसान के सभी उभरते संकेतों पर निरंतर नज़र रखी जा रही है और इनकी नियमित समीक्षा की जा रही है।

## कोविड-19 टीकाकरण के बाद रिपोर्ट किये गए 31 एईएफआई मामलों का राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा दिनांक 05 फरवरी, 09 मार्च और 31 मार्च 2021 कारण मूल्यांकन और परिणाम

| क्र. सं. | राष्ट्रीय पहचान संख्या | | वर्ष | उम्र (वर्ष में) | लिंग | रिपोर्ट करने का कारण / परिणाम | टीकाकरण की तिथि (दिन / महीने / वर्ष) | वैक्सीन | डायग्नोसिस | राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा वर्गीकरण | राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा वर्गीकरण का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **MHBMC21025** | 2021 | 68 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 08-03-2021 | कोविशिल्ड | Anaphylaxis | वैक्सीन उत्पाद संबंधित प्रतिक्रिया | 31-03-2021 |
| 2 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **KETRM21006** | 2021 | 50 वर्ष | महिला | मृत्यु | 03-02-2021 | कोविशिल्ड | Intracranial bleed | अनिश्चित | 31-03-2021 |
| 3 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **MPBRW21001** | 2021 | 59 वर्ष | महिला | मृत्यु | 23-02-2021 | कोविशिल्ड | Acute Myocardial infarction with pulmonary edema | अनिश्चित | 31-03-2021 |
| 4 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **ORAGL21001** | 2021 | 55 वर्ष | महिला | मृत्यु | 03-02-2021 | कोविशिल्ड | Left sided middle cerebral artery ischemic infarct | अनिश्चित | 31-03-2021 |
| 5 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **BIBJR21001** | 2021 | 41 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 09-02-2021 | कोविशिल्ड | Sudden cardiac death | अनिश्चित | 31-03-2021 |
| 6 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **MHKLP21003** | 2021 | 51 वर्ष | महिला | मृत्यु | 22-01-2021 | कोविशिल्ड | Left sided middle cerebral artery ischemic infarct with underlying co morbidities- diabetes, hypertension and chronic kidney disease | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 7 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **APCHT21001** | 2021 | 51 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 09-02-2021 | कोविशिल्ड | Sudden cardiac death with underlying co morbidities - hypertension | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 8 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **KACBP21002** | 2021 | 56 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 10-02-2021 | कोविशिल्ड | Acute Myocardial infarction with underlying co morbidities - severe aortic stenosis with left ventricle dysfunction | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 9 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **JHRNC21004** | 2021 | 51 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 01-02-2021 | कोविशिल्ड | Sudden cardiac death with underlying co morbidities- left ventricular hypertrophy with congestive cardiac failure | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 10 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **HAPNP21002** | 2021 | 35 वर्ष | महिला | मृत्यु | 04-02-2021 | कोविशिल्ड | Septic shock with Acute respiratory distress syndrome with Multi organ dysfunction syndrome ? Dengue Shock syndrome | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 11 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **ORPUR21001** | 2021 | 55 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 20-02-2021 | कोविशिल्ड | Acute Myocardial infarction with pulmonary edema with underlying co morbidities- diabetes and hypertension | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 12 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **UPAGR21003** | 2021 | 77 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 28-01-2021 | कोविशिल्ड | Acute coronary syndrome with acute Kidney injury with underlying co morbidities – Coronary artery disease with poor left ventricular function with diabetes | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 13 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **WBUDJ21002** | 2021 | 52 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 17-02-2021 | कोविशिल्ड | Acute coronary syndrome with acute Kidney injury with COVID 19 infection | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 14 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **MPHAR21002** | 2021 | 44 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 13-02-2021 | कोविशिल्ड | Sudden cardiac death with underlying co morbidities - coronary artery disease and hypertension | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 15 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **APAPR21001** | 2021 | 47 वर्ष | महिला | मृत्यु | 13-02-2021 | कोविशिल्ड | Anaphylaxis to injection ceftriaxone | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 16 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **TRTRS21002** | 2021 | 66 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 04-03-2021 | कोविशिल्ड | Chronic obstructive pulmonary disease with acute exacerbation | सांयोगिक | 31-03-2021 |

# कोविड-19 टीकाकरण के बाद रिपोर्ट किये गए 31 एईएफआई मामलों का राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा दिनांक 05 फरवरी, 09 मार्च और 31 मार्च 2021 कारण मूल्यांकन और परिणाम

| क्र. सं. | राष्ट्रीय पहचान संख्या | | वर्ष | उम्र (वर्ष में) | लिंग | रिपोर्ट करने का कारण / परिणाम | टीकाकरण की तिथि (दिन / महीने / वर्ष) | वैक्सीन | डायग्नोसिस | राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा वर्गीकरण | राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा वर्गीकरण का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **GOGOS21001** | 2021 | 41 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 02-02-2021 | कोविशिल्ड | Pneumonia with multisystem dysfunction with congestive heart failure with underlying co morbidities- diabetes and hypertension | सांयोगिक | 31-03-2021 |
| 18 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **DLSOU21006** | 2021 | 55 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 05-02-2021 | कोविशिल्ड | Unexplained death | अवर्गीकृत | 31-03-2021 |
| 19 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **MHABD21001** | 2021 | 52 वर्ष | महिला | मृत्यु | 29-01-2021 | कोविशिल्ड | Acute inferior wall myocardial infarction with underlying co morbidity - hypertension | सांयोगिक | 09-03-2021 |
| 20 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **KABLY21001** | 2021 | 43 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 16-01-2021 | कोविशिल्ड | Acute myocardial infarction with underlying co morbidities- diabetes mellitus with hypertension with probable chronic lung infection | सांयोगिक | 09-03-2021 |
| 21 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **TSMCL21001** | 2021 | 52 वर्ष | महिला | मृत्यु | 19-01-2021 | कोविशिल्ड | Acute pneumonia with accelerated hypertension with left ventricle failure with underlying co morbidities- kyphoscoliosis with restrictive lung disease | सांयोगिक | 09-03-2021 |
| 22 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **BISAR21003** | 2021 | 43 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 18-01-2021 | कोविशिल्ड | अस्पष्टीकृत मृत्यु | अवर्गीकृत | 09-03-2021 |
| 23 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **MHTHN21003** | 2021 | 61 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 20-01-2021 | कोविशिल्ड | Sudden cardiac death with underlying co morbidities hypertension | अनिश्चित | 09-03-2021 |
| 24 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **MPHAR21001** | 2021 | 38 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 28-01-2021 | कोविशिल्ड | Acute anterior wall myocardial infarction with severe left ventricular dysfunction | अनिश्चित | 09-03-2021 |
| 25 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **KABEL21002** | 2021 | 36 वर्ष | महिला | मृत्यु | 22-01-2021 | कोविशिल्ड | Acute right middle cerebral artery infarct with haemorrhagic venous infarct left frontoparietal lobe with severe thrombocytopenia | अनिश्चित | 09-03-2021 |
| 26 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **UPPIL21001** | 2021 | 56 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 28-01-2021 | कोविशिल्ड | Sudden cardiac death due to probable acute coronary syndrome with underlying coronary artery disease (post PTCA and stenting) and left ventricular dysfunction | सांयोगिक | 09-03-2021 |
| 27 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **RJPLI21002** | 2021 | 21 वर्ष | महिला | अस्पताल में भर्ती और स्वस्थ | 19-01-2021 | कोविशिल्ड | Anaphylaxis | वैक्सीन उत्पाद संबंधित प्रतिक्रिया | 05-02-2021 |
| 28 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **DLSOU21001** | 2021 | 22 वर्ष | पुरूष | अस्पताल में भर्ती और स्वस्थ | 16-01-2021 | कोवाक्सिन | Anaphylaxis | वैक्सीन उत्पाद संबंधित प्रतिक्रिया | 05-02-2021 |
| 29 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **DLWES21001** | 2021 | 26 वर्ष | पुरूष | अस्पताल में भर्ती और स्वस्थ | 21-01-2021 | कोवाक्सिन | Syncope | टीकाकरण चिंता संबंधी प्रतिक्रिया | 05-02-2021 |

| कोविड-19 टीकाकरण के बाद रिपोर्ट किये गए 31 एईएफआई मामलों का राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा दिनांक 05 फरवरी, 09 मार्च और 31 मार्च 2021 कारण मूल्यांकन और परिणाम | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राष्ट्रीय पहचान संख्या | | वर्ष | उम्र (वर्ष में) | लिंग | रिर्पोट करने का कारण / परिणाम | टीकाकरण की तिथि (दिन / महीने / वर्ष) | वैक्सीन | डायग्नोसिस | राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा वर्गीकरण | राष्ट्रीय एईएफआई समिति द्वारा वर्गीकरण का दिनांक |
| 30 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **KASHI21001** | 2021 | 56 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 18-01-2021 | कोविशिल्ड | Acute coronary syndrome with ventricular fibrillation with underlying co morbidities coronary artery disease with diabetes with left ventricle dysfunction | सांयोगिक | 05-02-2021 |
| 31 | आईएनडी (को–एईएफआई) | **RJCTG21001** | 2021 | 55 वर्ष | पुरूष | मृत्यु | 16-01-2021 | कोविशिल्ड | Hypertensive emergency with intracranial bleed with underlying chronic kidney disease with hypertension | सांयोगिक | 05-02-2021 |